बिहार लोक सेवा आयोग

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना–800001

विस्तृत सूचना

विज्ञापन संख्या–43/2025 के अन्तर्गत बिहार लोक सेवा आयोग, पटना में निम्न वर्गीय लिपिक के पदों पर नियुक्ति हेतु दिनांक 20.09.2025 (शनिवार) को सम्पन्न मुख्य प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर कुल 2550 अभ्यर्थियों का टंकण एवं कम्प्यूटर जाँच परीक्षा दिनांक–17.01.2026 (शनिवार) एवं 18.01.2026 (रविवार) को 09:00 बजे पूर्वाह्न से 05:00 बजे अपराह्न तक पटना स्थित **बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान, वाल्मी परिसर, फुलवारी शरीफ, पटना में निर्धारित है।** उक्त जाँच परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को निम्नलिखित निर्देश दिये जाते है:–

1. सभी अभ्यर्थियों को निर्देश दिया जाता है कि निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा प्रारम्भ होने के एक घंटा पूर्व पहुँच जायें।
2. **टंकण एवं कम्प्यूटर जाँच परीक्षा में शामिल होने के लिए अभ्यर्थी का मुख्य प्रतियोगिता परीक्षा का प्रवेश पत्र ही मान्य होगा।**
3. टंकण सामग्री (Content) कम्प्यूटर स्क्रीन पर प्रदर्शित की जाएगी।
4. टंकण जाँच परीक्षा Split Screen के साथ आयोजित की जाएगी।
5. हिंदी टाइपिंग के लिए कीबोर्ड लेआउट "रेमिंगटन गेल" होगा और फॉन्ट "मंगल" होगा।
6. कम्प्यूटर पर उम्मीदवारों को हिन्दी में 30 (तीस) शब्द प्रति मिनट की गति से 300 (तीन सौ) शब्दों को 10 मिनट में टंकित करना होगा। इसमें उत्तीर्णता के लिए डेढ़ प्रतिशत (1.5%) से अधिक गलतियाँ नहीं होनी चाहिए अन्यथा उसे अयोग्य करार दिया जाएगा।
7. अभ्यर्थी ध्यान रखें कि Typing Test देते वक्त किसी शब्द (Word) को टंकित कर देने के पश्चात् उस शब्द को Delete Key या Backspace Key की मदद से Delete नहीं किया जा सकता है, क्योंकि Delete Key एवम् Backspace Key पूर्व से ही Lock रहेगा।
8. अभ्यर्थी अपने साथ मुख्य परीक्षा हेतु निर्गत प्रवेश पत्र एवं एक फोटोयुक्त पहचान के लिए आधार कार्ड लाना सुनिश्चित करेंगें। आधार कार्ड नहीं होने पर अपना फोटो पहचान पत्र यथा–EPIC/ड्राइविंग लाइसेंस/वोटर आई॰ डी॰ कार्ड/पासपोर्ट आदि में से किसी एक की छायाप्रति मूल में (Original) लेकर निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर टंकण जाँच परीक्षा हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।
9. अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र के अंदर या बाहर सी॰सी॰टी॰भी॰ कैमरे की निगरानी में रहेंगे। अभ्यर्थियों को आगाह किया जाता है कि परीक्षा भवन और परिसर एवं इसके इर्द–गिर्द कोई उद्दंडता/अवांछित गतिविधि अथवा कदाचार न करें। यदि वे ऐसी गतिविधियों में संलिप्त पाये जायेंगे, तो उनका अभ्यर्थित्व रद्द कर दिया जायेगा एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जायेंगी।

13/11/25

परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना